## जर्जर भवनों की सूचना दें : कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जिले में कोई भी भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो इस हेतु तत्काल कार्रवाई करें और जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जावे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जावे इसी परिपेक्ष में जिले के अनेक विकासखंडों में कार्रवाई की गई।



कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त जिलेवासियों से अपील की है कि उनके क्षेत्र में यदि कोई मकान जर्जर और क्षतिग्रस्त है तो इसकी सूचना संबंधित राजस्व अधिकारी, नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम, एसडीम को तत्काल दें जिससे कि उसे भवन को गिराने की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी ऐंसे जर्जर भवनों को चिन्हित कर उन पर लाल रंग से क्रास का चिह्न लगाएं ताकि आमजनों को ऐसे भवनों की जानकारी रहे जिससे कि वे ऐसे भवनों के आसपास न आएं और स्वयं को सुरक्षित रख सकें। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम नजदीक है, बारिश में जलभराव, बाढ़, विद्युत आपूर्ति, जल सप्लाई, जर्जर एवं जीर्ण शीर्ण भवनों, सफाई एवं अन्य सार्वजनिक सेवाओं एवं सहायता हेतु एक विशेष सहायता हेल्पलाइन नंबर जारी किया जा रहा है, जिससे कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में हम संबंधित स्थल पर तत्काल सहायता उपलब्ध करा सकें।

## डॉ. प्रफुल्ल भोयर सम्मानित

**रामाकोना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अंतर्गत भोपाल मे आयोजित हुए कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम रामाकोना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) का राष्ट्रीय प्रामाणिक दर्जा मिलने पर डॉ. प्रफुल्ल भोयर का सम्मान कर प्रमाण पत्र भेंट किया गया।



सेवा, समर्पण और सतत प्रयासों की शानदार मिसाल बनते हुए रामाकोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,ने गौरवशाली उपलब्धियाँ अपने नाम की हैं। यह रामाकोना के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना की पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह सिद्ध किया है कि जब सेवा में संवेदना हो और कार्य में ईमानदारी तो परिणाम सिर्फ सम्मान नहीं, इतिहास बनते हैं। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया गया।

## समय सीमा की बैठक आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 23 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सीईओ जिला पंचायत सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति रही। इसी तरह विभिन्न विभागों के खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रदेश स्तर पर जारी जिलेवार रैंकिंग में जिले के ए ग्रेड में आने पर शिकायतों के निराकरण में बेहतर कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों को बधाई दी साथ ही अन्य विभागों को रैंकिंग के सुधार के निर्देश दिये हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के डी ग्रेड में आने को लेकर कार्यपालन यंत्री पीडब्लूडी आर के हनुमंते को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर ने समग्र ई-केवायसी की प्रगति की भी समीक्षा में विगत सप्ताह की प्रगति संतोषजनक न होने को लेकर सभी सीईओ जनपदों एवं सीएमओ नगरपालिका को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन के लंबित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को लगातार प्राप्त हो रही कर्मचारियों ग्रेज्युटी एवं पेंशन प्रकरणों के निराकरण में देरी की शिकायतों पर प्राथमिकता पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसी तरह शिक्षा, जनजातीय कार्यविभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्धारित मात्रा में नियमानुसार खाद्यान्न का उठाव करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं छात्रावासों तथा स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है।

उन्होंने मैदानी अमले को आंगनबाडी केन्द्रों, स्कूलों एवं छात्रावासों का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को ध्यान में रखते हुए जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों को दिये गए हैं। उन्होंने मूंग उपार्जन को लेकर पंजीयन केन्द्रों की व्यवस्थाओं सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं।

### सार-समाचार

## रक्तदान शिविर आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सिवनी द्वारा 70 वीं वर्षगांठ के अवसर में रविवार 21 जून को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बैंक स्टाफ से मुख्य प्रबंधक श्रीकांत कलसुले, लीड बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार दिसोरिया, प्रबंधक सीएसी सुरेश सिंह, श्रीमती माधुरी गभने, श्रीमती कीर्ती माथुर, कु चित्रा आदि स्टाफ , पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक श्री गोविंद पटेल, उपप्रबंधक मुकेश इनवाती एवं स्थानीय जनसमुदाय के योगदान से कुल 38 यूनिट का संग्रहण किया गया। बैंक द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को फल, फ्रूट जूस एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

## अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर, देशबन्धु।** भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय का से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छु?ट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन?मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें। जिससे जनसाधारण को सुविधा होगी।

## ट्रेनिंग पूरी कर लौटे अग्निवीर का अपने गांव घुट्टी में स्वागत

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव की ग्राम पंचायत घुट्टी में देशसेवा की भावना से ओतप्रोत होकर अग्निवीर की ट्रेनिंग पूरी कर लौटे प्रदीप साहू का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामवासी एवं पंचायत सचिव ने मिलकर माला पहनाकर एवं ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ प्रदीप का जोरदार अभिनंदन किया। प्रदीप साहू, ग्राम के निवासी रामप्रसाद साहू के पुत्र हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत चयनित होकर सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया है। गांव में लौटने पर देशसेवा के इस जज्बे को सम्मानित करते हुए ग्रामीणों ने गर्व और उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदीप को शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। गांव के लोगों ने प्रदीप की इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

**सौसर,देशबन्धु।** बूथ क्रमांक 168 सिविल लाइन वार्ड नंबर 13 में भाजपा कार्यकर्ता प्रवीण सेलुकर के निवास स्थान पर"एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे"—इस ओजस्वी उद्घोष के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सौसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।



### भाजपा कार्यकर्ता के घर पर कार्यक्रम आयोजित

इस कार्यक्रम में अधिवक्ता हरीश बत्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, पुर्व पार्षद राजीव जायसवाल, वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवी इन्द्रचन्द डागा,, गोलू वाडेकर, संदीप भक्ते, सुनील श्रीवास्तव, नरेन्द्र कुकडे, परसराम राने, एवं पत्रकार धीरज सिंह चंदेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, भाजपा महिला मोर्चा की सक्रिय कार्यकर्ता भारती चंदनकर भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन आदर्शों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की अखंडता के लिए जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम और संकल्प की भावना से ओतप्रोत करता रहेगा। जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने में उनकी भूमिका आज भी ऐतिहासिक है।

कार्यक्रम में यह भी संकल्प लिया गया कि पार्टी कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने हेतु सदैव सक्रिय रहेंगे और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के लक्ष्य को साकार करने हेतु समर्पित रहेंगे।

डॉ. मुखर्जी का यह बलिदान हमें यह सिखाता है कि जब बात राष्ट्र की हो, तब कोई भी कीमत छोटी नहीं होती। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## भाजपा कार्यालय में बलिदान दिवस मनाया गया

**छपारा, देशबन्धु।** भाजपा मंडल कार्यालय में भाजपा मंडल के पदाधि-कारियों ने प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया ।



सर्व प्रथम मुखर्जी जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किया गया तत्पश्चात उनके बलिदान और राष्ट्र भक्ती पर प्रकाश डाला श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की मृत्यु 23 जून 1953 को जम्मू कश्मीर में रहस्यमय परिस्थितियों में हुई थी उनके बलिदान और कार्यों को भारतीय इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा । इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह नगरपरिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह चक्रेश सिंह पार्षद धर्मेंद्र जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह महामंत्री राघवेन्द्र पाठक उपाध्यक्ष सोरभ सिंह सार्थक अग्रवाल गगन साहू आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**चौरई, देशबन्धु।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी ,एक महान शिक्षाविद राष्ट्रवादी देशभक्त राजनेता डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि चौरई विधानसभा कार्यालय में मनाई गई । जिसमें जिला मंत्री नीलू निर्मलकर, अवनीत (पप्पू सोनी )राजवंश ठाकुर,गोविंद दाँतले,रितु चोरसिया मंत्री नगर मंडल चौरई,लेखराम वर्मा उपस्थित रहे।

## जिले में 74.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिवनी, देशबन्धु।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 22 जून 25 तक 74.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जून तक विकासखंड सिवनी में 50 मि.मी, कुरई में 15.0 मि.मी., बरघाट में 8.4 मि.मी., केवलारी में 76.2 मि.मी., छपारा 56.0 मि.मी, लखनादौन में 87.6 मिमी, धनौरा में 95.0 मिमी एवं घंसौर में 211.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 599.2 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है।

ज्ञात हो विगत वर्ष 22 जून तक कुल 571.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## शक्ति केंद्र स्तर पर लगाई चौपाल

**चौरई, देशबन्धु।** भाजपा कुंडा मंडल द्वारा शक्ति केंद्र स्तरीय चौपाल का आयोजन किया गया । जिसमें जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे ने सहभागिता की ।



जिलाध्यक्ष श्री यादव, पूर्व विधायक श्री दुबे समेत जिला पंचायत सदस्य द्वय लखन वर्मा व ऋषि वर्मा ने चौपाल में मौजूद नागरिकों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल के कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा की और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया । जिलाध्यक्ष श्री यादव पूर्व विधायक श्री दुबे ने भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण भी किया । मंडल अध्यक्ष धरम वर्मा समेत मंडल पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विजय पांडे, संजय पटेल, धर्मेंद्र मिगलानी, गरिमा दामोदर, अजय सक्सेना, भरत घई, माइकल पहाड़े समेत मंडल पदाधिकारी शक्तिकेंद्र प्रभारी संयोजक बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 24 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्थदशी, नक्षत्र-रोहिणी।**

मेष - आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ स्वादिष्ट भोजन और अच्छे पल गुजार सकेंगे। आर्थिक विषयों से संबंधित योजना व्यवस्थित तरीके से बना सकेंगे। आय में वृद्धि होगी।

वृषभ - आज आपका दिन ताज़गी और उत्साह से भरपूर रहेगा। आप आनंद अनुभव कर सकेंगे। दोस्तों और सगे-सम्बंधियों से उपहार मिल सकेगा। आपका दिन यात्रा में गुजर सकता है। आप स्वादिष्ट भोजन बना पाएंगे।

मिथुन - आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से अनिष्टों से बचा लेंगे। आपके वाणी- व्यवहार से गलतफहमी पैदा न हो इस बात का ध्यान रखें। (क. 159-247)

कर्क - आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यपार में लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

सिंह - आपके व्यवसाय के लिए आज का दिन बहुत अच्छा और श्रेष्ठ है। आज हर काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। अधिकारियों की आप पर कृपादृष्टि रहेगी। आज लोगों पर इंप्रेशन जमा पाएंगे। पिता की ओर से लाभ के संकेत है।

कन्या - आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सगे-संबंधियों के साथ यात्रा का आयोजन हो सकता है। मित्रों से लाभ हो सकता है। किसी धार्मिक कार्य तथा धार्मिक यात्रा में व्यस्त रहेंगे। विदेश में रहनेवाले परिजनों के समाचार से आनंद होगा।

तुला - आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपके दैनिक काम में परिवर्तन हो सकेगा। आज पूरी तरह से मनोरंजन और मौजमस्ती के मूड़ में रहना चाहेंगे। मित्रों और परिवार के सदस्यों का साथ मिल सकेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु - आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा, इससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यवसाय में लाभदायी दिन रहेगा।

मकर - आज आपका मन चिंता और दुविधा में उलझे होने के कारण आप किसी भी विषय में ठोस निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह दी जाती है। भाग्य साथ न देने से हताशा पैदा होगी।

कुंभ - आपको मानसिक व्यग्रता और बेचैनी का अनुभव होगा। भविष्य के लिए पैसे का आयोजन करने के लिए अच्छा समय है। सौंदर्य प्रसाधन, अलंकार और वस्त्रों के पीछे खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

मीन - वैचारिक स्थिरता महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायक बनेगी। आपकी सृजनशक्ति और कलात्मकता विकसित होगी। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। नजदीक के स्थान पर प्रवास या पर्यटन का आयोजन होगा। (मा . 340-360)

0,5,2,7,03,59,24,71,99,49,37,10,86

## योग से रहता है तन-मन स्वस्थ

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ए डी एन ऑफिस नरसिंहपुर पर योग कार्यक्रम सुबह 7:00 से प्रारंभ किया गया। रेलवे चिकित्सक डॉक्टर आर आर कुर्रे ने बताया कि योग से हमारे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। योग अनेक रोगों को जड़ से खत्म कर देता है।



किसी प्रकार के नशा करने वाले व्यक्ति के लिए मानसिक बीमार भ्रम के स्थिति होने के पर याददाश्त में कमजोरी माइग्रेन सिर दर्द. आदि बिना डॉक्टर के योग के द्वारा ही ठीक किया जा सकता है। वही पेट रोग की समस्या, गैस, कमर दर्द, जोड़ों में दर्द एवं कमजोरी, चक्कर आना, आँखो एवं गले के एक्सरसाइज. योग के द्वारा ठीक किया जा सकता है तथा बीपी शुगर. वाले मरीजों को प्रतिदिन योग करना चाहिए। हमें सिर्फ एक दिन योग ना करके प्रतिदिन अपने जीवन शैली में योग अपनाने चाहिए।

आज योग के बारे में जानकारी दी गई एवं उसके महत्व के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया । हमें सिर्फ उन स्थिति में योग नहीं करना चाहिए. अत्यधिक गंभीर मरीज हो, दुर्घटना के कारण मरीज को राड डला हो, अंन कण्ट्रोल हाइपर टेंसन अन्य गंभीर बीमारी के स्थिति मै योग नहीं करना चाहिए।

योग हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। अत. स्कुल कालेज. मे योग को शामिल करने से बच्चे शारीरिक विकास मजबूत. के साथ. मानसिक विकास अच्छा होगा।

## चढ़ार समाज की बैठक आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव स्थानीय लक्ष्मी गार्डन में सोमवार को सर्व चड़ार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के नए अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से मनोज चड़ार का चयन किया गया।



### मनोज चड़ार बने नए अध्यक्ष

बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समिति के संरक्षक पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार, पूर्व अध्यक्ष कोक सिंह चड़ार, वरिष्ठ सदस्य कृपाल सिंह चड़ार, लक्ष्मण, मनमोहन सिंह चड़ार, टीकाराम चड़ार, शोभाराम चड़ार, यशवंत चड़ार, सत्यनारायण चड़ार, राम नारायण चड़ार, यादराम चड़ार, जीवालाल चड़ार सहित समस्त चड़ार समाज के गणमान्यजन इस अवसर पर उपस्थित रहे।सभा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज चड़ार को शुभकामनाएं दी गईं और विश्वास जताया गया कि उनके नेतृत्व में समाज एक नई दिशा में आगे बढ़ेगा और प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को संगठित कर उसकी सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उन्नति की दिशा में सार्थक पहल करना रहा। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।